
2024

Pre-Board



SAMPLE PAPER

CBSE BOARD / STATE BOARDS

NCERT Based Syllabus



aglasem.com

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

प्रथम पूर्व परिषदीय परीक्षा : 2023-24

विषय - हिन्दी (आधार) व विषय कोड - 302

कक्षा - बारहवीं

निर्धारित समय : 3 घंटे aglasem.com अधिकतम अंक : 80

सामान्य निर्देश:-

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब'। खंड 'अ' में बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न और खंड 'ब' में वर्णनात्मक / वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं।
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 14 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. खंड 'अ' में कुल 6 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 40 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
4. खंड 'ब' में कुल 8 प्रश्न हैं। विकल्पों का ध्यान रखते हुए निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
5. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

खंड - 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न-1	**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।** बड़ी चीजें संकटों में विकास पाती हैं, बड़ी हस्तियाँ बड़ी मुसीबतों में पलकर दुनिया पर कब्जा करती हैं। अकबर ने तेरह साल की उम्र में अपने पिता के दुश्मन को परास्त कर दिया था, जिसका एकमात्र कारण यह था कि अकबर का जन्म रेगिस्तान में हुआ था और वह भी उस समय, जब उसके पिता के पास एक कस्तूरी को छोड़कर और कोई दौलत नहीं थी। महाभारत में देश के प्रायः अधिकांश वीर कौरवों के पक्ष में थे, मगर फिर भी जीत पांडवों की हुई, क्योंकि उन्होंने लाक्षागृह की मुसीबत झेली थी, क्योंकि उन्होंने वनवास के जोखिम को पार किया था। विंस्टन चर्चिल ने कहा है कि जिंदगी की सबसे बड़ी सिफ़त हिम्मत है। आदमी के और सारे गुण उसके हिम्मती होने से पैदा होते हैं। जिंदगी की दो ही सूरतें हैं। एक तो आदमी बड़े-से-बड़े मकसद के लिए कोशिश करे, जगमगाती हुई जीत पर पंजा डालने के लिए हाथ बढ़ाए और अगर असफलताएँ कदम-कदम पर जोश की रोशनी के साथ अँधियाली या जाल बुन रही हों, तब भी वह पीछे को पाँव न हटाए- दूसरी सूरत यह है कि उन गरीब आत्माओं का हमजोली बन जाए, जो न तो बहुत अधिक सुख पाती हैं और न जिन्हें बहुत अधिक दुख पाने का ही संयोग है, क्योंकि वे आत्माएँ ऐसी गोधूलि में बसती हैं, जहाँ न तो जीत हँसती है और न कभी हार के रोने की आवाज़ सुनाई देती है। इस गोधूलि वाली दुनिया के लोग बँधे हुए घाट का पानी पीते हैं वे जिंदगी के साथ जुआ नहीं खेल सकते। और कौन कहता है कि पूरी जिंदगी को दाँव पर लगा देने में कोई आनंद नहीं है? अगर रास्ता आगे ही निकल रहा हो, तो फिर असली मज़ा तो पाँव बढ़ाते जाने	1x10= 10

schools.aglasem.com

aglasem.com

में ही है। साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर, बिलकुल बेखौफ़ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं।

i- बड़ी हस्तियाँ दुनिया पर किस प्रकार कब्जा करती हैं?

(क) रेगिस्तान में जन्म लेकर

(ख) जनमत की उपेक्षा करके

(ग) बड़ी मुसीबतों में पलकर

(घ) वनवास के जोखिमों को झेलकर

ii- महाभारत के युद्ध में किसकी जीत हुई थी?

(क) बादशाह अकबर की

(ख) युद्ध के वीरों की

(ग) कौरव सेना की

(घ) मुसीबतों का सामना करने वाले पांडवों की

iii- "जिंदगी की सबसे बड़ी सिफ़त हिम्मत है" - यह कथन किसका है?

(क) युद्ध में लड़ने वाले वीरों का

(ख) विंस्टन चर्चिल का

(ग) रेगिस्तान में जन्म लेने वालों का

(घ) जोखिम झेलने वालों का

iv- "जहाँ न तो जीत हँसती है और न कभी हार के रोने की आवाज़ सुनाई देती है" यह तथ्य किससे संबंधित है?

(क) जिंदगी की पहली सूरत से

(ख) जिंदगी की दूसरी सूरत से

(ग) क और ख दोनों से

(घ) इनमें से कोई नहीं

v- **कथन (A) और कारण (R) को पढ़िए और उचित विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।**

कथन (A) : आदमी के और सारे गुण उसके हिम्मती होने से पैदा होते हैं।

कारण (R) : बड़े-से-बड़े मकसद को पाने के लिए आदमी को कोशिश करनी चाहिए।

(क) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

vi- कौन लोग बँधे हुए घाट का पानी पीते हैं?

(क) रेगिस्तान में जन्मे

(ख) साहस करने वाले

(ग) गोधूलि वाली दुनिया वाले

(घ) जोखिम लेने वाले

schools.aglasem.com
aglasem.com

	vii- अगर रास्ता आगे निकल रहा हो तो असली मज़ा किसमें है? (क) पाँव पीछे हटाने में (ख) पाँव बढ़ाते जाने में (ग) चुपके से निकल जाने में (घ) शोर मचाने में **viii- साहस की जिंदगी की क्या विशेषता है?** (क) वह निडर होती है (ख) बिलकुल बेखौफ़ होती है (ग) सबसे बड़ी होती है (घ) उपर्युक्त सभी **ix- "तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं।" इस कथन कि लिए कौन-सा विकल्प सही है?** (1) साहसी मनुष्य इसकी चिंता नहीं करता है। (2) साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है। (3) आदमी के और सारे गुण उसके हिम्मती होने से पैदा होते हैं। (क) 1 सही है (ख) 1 और 2 सही हैं (ग) 1, 2 और 3 सही हैं (घ) कोई सही नहीं है **x- साहसी शब्द साहस + ई से बना है। इसमें ..... है।** (क) संधि (ख) प्रत्यय (ग) उपसर्ग (घ) समास	
प्रश्न-2	**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें।** आज जीत की रात पहरुए, सावधान रहना। खुले देश के द्वार, अचल दीपक समान रहना। प्रथम चरण है नये स्वर्ग का, है मंजिल का छोर इस जन-मंथन से उठ आई, पहली रतन हिलोर अभी शेष है पूरी होना, जीवन मुक्ता डोर क्योंकि नहीं मिट पाई, दुख की विगत साँवली कोर ले युग की पतवार बने अंबुधि समान रहना। पहरुए, सावधान रहना।। विषम श्रृंखलाएँ टूटी हैं, खुली समस्त दिशाएँ आज प्रभंजन बनकर चलतीं, युग बंदिनी हवाएँ	1x5= 5

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्नचिह्न बन खड़ी हो गईं, यह सिमटी सीमाएँ
आज पुराने सिंहासन की टूट रहीं प्रतिमाएँ
उठता है तूफान इन्दु तुम, दीप्तिमान रहना।
पहरुए, सावधान रहना।।

i- कविता देश की कौन-सी सुखद घटना की ओर संकेत करती है?

(क) शत्रुओं से युद्ध में जीत
(ख) पराधीनता से मुक्ति की रात
(ग) गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या
(घ) विपत्तियों से छुटकारे की रात

ii- 'पहरुए' को 'दीपक' के समान बने रहने के लिए क्यों कहा गया है?

(क) दीपक ही प्रकाश देता है
(ख) दीपक परोपकारी बनाता है
(ग) दीपक अटल रहने का संदेश देता है
(घ) दीपक महान बनने की प्रेरणा देता है

iii- कथन (A) और कारण (R) को पढ़िए और उचित विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।

कथन (A) : देश को शत्रुओं से सुरक्षित रखने के लिए हमें सावधान रहना चाहिए।
कारण (R) : पराधीनता से मुक्ति की जन-चेतना के फलस्वरुप हमें आज़ादी मिली।

(क) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

iv- कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।

कॉलम 1		**कॉलम 2**	
1	प्रथम चरण	i	विदेशी शासन
2	विषम श्रृंखलाएँ	ii	पहली मंजिल
3	पुराना सिंहासन	iii	प्रतिकूल दशाएँ

(क) 1 (iii) 2 (ii) 3 (i)
(ख) 1 (ii) 2 (ii) 3 (iii)
(ग) 1 (i) 2 (ii) 3 (iii)
(घ) 1 (ii) 2 (iii) 3 (i)

v- पराधीनता के कारण देश की सिमटी सीमाएँ अब क्या बन गईं हैं?

(क) चन्द्रमा की उजली चाँदनी
(ख) दुश्मन के लिए तलवार
(ग) दुनिया के सामने चुनौती
(घ) देश के विकास की आँधी

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्न-3	**निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए।** **i- राजनीति, अपराध, खेल, फ़िल्म व कृषि क्षेत्र के लिए संवाददाताओं के बीच रूचि, ज्ञान एवं विशेषज्ञता के आधार पर काम के बँटवारे को क्या कहते हैं?** (क) ताजा खबर (ख) सीधा प्रसारण (ग) बीट (घ) पत्रकारिता **ii- स्वतंत्र पत्रकार कहलाता है-** (क) समाचार संगठन का नियमित एवं वेतनभोगी पत्रकार (ख) समाचार संगठन का निश्चित मानदेय पर कार्य करने वाला नियमित पत्रकार (ग) आवश्यकता के अनुरूप अपने लेख के लिए भुगतान पाने वाला पत्रकार (घ) इनमें से कोई नहीं **iii- किसी विशेष विषय पर विचार एवं गद्य प्रधान अभिव्यक्ति को क्या कहा जाता है?** (क) संपाकीय (ख) समाचार (ग) टिप्पणी (घ) आलेख **iv- इंट्रो, मुखड़ा और बाडी किसके महत्त्वपूर्ण भाग हैं?** (क) समाचार पत्र के (ख) टेलीविजन के (ग) उलटा पिरामिड शैली के (घ) इंटरनेट के **v- निम्नलिखित में से किसे समाचार पत्र की आवाज माना जाता है?** (क) फीचर को (ख) संपादकीय को (ग) रिपोर्ट को (घ) आलेख को	1x5= 5
प्रश्न-4	**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।** सबसे तेज बौछारें गईं भादों गया सवेरा हुआ खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा शरद आया पुलों को पार करते हुए अपनी नयी चमकीली साइकिल तेज चलाते हुए घंटी बजाते हुए जोर-जोर से चमकीले इशारों से बुलाते हुए पतंग उड़ाने वाले बच्चों के झुंड को	1x5= 5

aglasem.com
schools.aglasem.com
aglasem.com

	चमकीले इशारों से बुलाते हुए और आकाश को इतना मुलायम बनाते हुए कि कि पतंग ऊपर उठ सके- दुनिया की सबसे हल्की और रंगीन चीज उड़ सके दुनिया का सबसे पतला कागज उड़ सके- **i- कवि ने बारिश के बाद किस ऋतु के मनोरम दृश्य का चित्रण किया है?** (क) वर्षा ऋतु (ख) वसंत ऋतु (ग) शीत ऋतु (घ) शरद ऋतु **ii- 'शरद आया पुलों को पार करते हुए' - इस पंक्ति में कौन-सा बिंब है?** (1) श्रव्य बिंब (2) दृश्य बिंब (3) स्पर्श बिंब (क) 1 सही है (ख) 2 सही है (ग) 1 और 2 सही है (घ) 2 और 3 सही है **iii- भादों महीने की बारिश के बाद शरद का आगमन किस प्रकार होता है?** (क) बच्चों के झुंड को चमकीले इशारों से बुलाते हुए (ख) अपनी चमकीली साइकिल तेज गति से चलाते हुए (ग) झाड़ियों रूपी पुलों को पार करते हुए (घ) इनमें से सभी **iv- पतंग को बहुत ऊँचाई तक उठाने के लिए प्रकृति में क्या बदलाव हुआ?** (क) आसमान में चारों तरफ मेघ छाये रहे (ख) आकाश स्वच्छ एवं बादलों से रहित हो गया (ग) धरती और आसमान के बीच हवा चलती रही (घ) बच्चे हर तरफ शोर मचाते रहे **v- 'दुनिया की सबसे हल्की और रंगीन चीज उड़ सके' - इस पंक्ति में क्या भाव निहित है?** (क) पतंग के माध्यम से बच्चों के स्वभाव को दर्शाया गया है (ख) बच्चे और पतंग में समानता दिखाई गई है (ग) मौसम में कोई बदलाव नहीं होता है (घ) पतंग दुनिया में सबसे हल्की होती है	
प्रश्न-5	**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।** मैंने मन में कहा, ठीक। बाजार आमंत्रित करता है कि आओ मुझे लूटो और लूटो। सब भूल जाओ, मुझे देखो। मेरा रूप और किसके लिए है मैं तुम्हारे लिए हूँ। नहीं कुछ चाहते हो,	1x5= 5

schools.aglasem.com
aglasem.com

तो भी देखने में क्या हरज है। अजी आओ भी। इस आमंत्रण में यह खूबी है कि आग्रह नहीं है, आग्रह तिरस्कार जगाता है। लेकिन ऊँचे बाजार का आमंत्रण मूक होता है और उससे चाह जगती है। चाह मतलब अभाव। चौक बाजार में खड़े होकर आदमी को लगने लगता है कि उसके अपने पास काफ़ी नहीं है और चाहिए, और चाहिए। मेरे यहाँ कितना परिमित है लौर यहाँ कितना अतुलित है, ओह! कोई अपने को न जाने तो बाजार का यह चौक उसे कामना से विकल बना छोड़े। विकल क्यों, पागल। असंतोष, तृष्णा और ईर्ष्या से घायल करके मनुष्य को सदा के लिए यह बेकार बना डाल सकता है।

i- बाजार लोगों को किस तरह अपनी ओर आकर्षित करता है?

(क) अपने रूप-सौन्दर्य को दिखाकर

(ख) मुफ़्त में खरीददारी कराकर

(ग) उमड़ी भीड़ का हिस्सा बनाकर

(घ) उपेक्षित और हीन बनाकर

ii- कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।

कॉलम 1		**कॉलम 2**	
1	आओ मुझे लूटो और लूटो	i	निवेदन में उपेक्षा का भय होता है
2	आग्रह तिरस्कार जगाता है	ii	सीमित साधन उपलब्ध हैं
3	यहाँ कितना परिमित है	iii	रूप-आकर्षण में खो जाओ

(क) 1 (iii) 2 (ii) 3 (i)

(ख) 1 (ii) 2 (ii) 3 (iii)

(ग) 1 (iii) 2 (i) 3 (ii)

(घ) 1 (ii) 2 (iii) 3 (i)

iii- ऊँचे बाजार का आमंत्रण कैसा होता है?

(1) अत्यधिक गतिशील होता है

(2) बिल्कुल निष्क्रय होता है

(3) सदा मौन होता है

(क) 1 सही है

(ख) 1 और 2 सही है

(ग) 1, 2 और 3 सही है

(घ) 3 सही है

iv- चौक बाजार में खड़े होकर आदमी को कैसा महसूस होता है?

(क) वह बाजार को सदा निहारता रहे

(ख) उसे लगता है कि उसके पास अनगिनत वस्तुएँ हैं

(ग) उसे लगता है कि उसके पास बहुत सीमित वस्तुएँ हैं

(घ) वह बाजार से तुरंत बाहर निकल जाए

v- कोई अपने को न जाने तो बाजार के चौक का उस पर क्या असर होगा?

schools.aglasem.com
aglasem.com

	(क) वह बाजार की वस्तुओं को देखकर ख़ुशी से उछल पड़ता है (ख) असंतोष, तृष्णा और ईर्ष्या से घायल होकर वह सदा के लिए बेकार हो जाता है (ग) वह महसूस करने लगता है कि उसके पास बहुत कुछ है (घ) उसे बाजार के चौक में एक नई दुनिया नजर आने लगती है	
प्रश्न-6	**निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त वाले उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए।** **(i) लेखक ने किशन दा की मृत्यु का क्या कारण बताया है?** (क) बुढ़ापा आने से (ख) जो हुआ होगा से (ग) अजनबीपन से (घ) बेगानेपन से **(ii) 'सिल्वर वैडिंग' पाठ में चूनेदानी किसे कहा गया है?** (क) ऑफिस की घड़ी को (ख) गैस चूल्हे को (ग) कलाई घड़ी को (घ) किनारीदार साड़ी को **(iii) संध्या की पूजा में बैठे यशोधर बाबू को कौन दिखाई दे रहा था?** (क) किशन दा (ख) बड़ा बेटा भूषण (ग) उनकी बुआ (घ) उनकी पत्नी **(iv) 'जूझ' पाठ में लेखक अपनी पढ़ाई के विषय में किससे कहता है?** (क) अपने पिता से (ख) दत्ताजी राव से (ग) अपनी माँ से (घ) सौन्दलगेकर से **(v) 'जूझ' पाठ में लेखक को कक्षा में किसका साथ मिलता है?** (क) बसंत पाटिल का (ख) रतनाप्पा का (ग) मास्टर रणनवरे का (घ) इनमें से कोई नहीं **(vi) 'जूझ' कहानी किस शैली में लिखी गई है?** (क) वर्णनात्मक शैली में (ख) भावात्मक शैली (ग) उपदेशात्मक शैली में (घ) आत्मकथात्मक शैली **(vii) मुअन-जो-दड़ो का अर्थ क्या है?** (क) मिट्टी का टीला	1x10= 10

schools.aglasem.com
aglasem.com

	(ख) पत्थर और ईंटों का टीला (ग) मृतकों या मुर्दों का टीला (घ) इनमें से कोई नहीं **(viii) बौद्ध स्तूप कितने फुट ऊंचे चबूतरे पर निर्मित है?** (क) 40 फुट (ख) 25 फुट (ग) 30 फुट (घ) 50 फुट **(ix) मुअनजो-दड़ो की खुदाई किसके निर्देश पर शुरू हुई थी?** (क) जान मार्शल (ख) काशी नाथ दीक्षित (ग) माधो स्वरूप वत्स (घ) इनमें से कोई नहीं **(x) कथन (A) और कारण (R) को पढ़िए और उचित विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।** कथन (A) : मंदिर गए हुए यशोधर बाबू का मन आज प्रवचन सुनने में नहीं लगा। कारण (R) : प्रवचन में 'जनार्दन' शब्द सुनाई दिया जिससे उनका मन भटक गया। (क) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है। (ख) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है। (ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। (घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।	
	खंड - 'ब' (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)	
प्रश्न-7	**निम्नलिखित तीन विषयों में से <u>किसी एक</u> पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए।** (क) आज़ादी के अमृत महोत्सव की सार्थकता (ख) मौसम का बदलता मिज़ाज (ग) अब तो स्वास्थ्य शिक्षा अनिवार्य बने	6x1= 6
प्रश्न-8	**निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए।** (क) कहानी के नाट्य रूपांतरण में कथानक की क्या भूमिका होती है? स्पष्ट कीजिए। अथवा पात्रों की चारित्रिक विशेषता उभारने में संवाद क्यों महत्वपूर्ण होते हैं? (ख) रेडियो नाटक को 'अँधेरे का नाटक' क्यों कहा जाता है? अथवा कहानी से नाटक में रूपांतरण करते समय किन-किन तथ्यों पर ध्यान देना चाहिए?	2x2= 4
प्रश्न-9	**निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।**	3x2= 6

schools.aglasem.com
aglasem.com

	(क) पत्रकारीय लेखन का स्वरुप साहित्यिक लेखन से किस प्रकार भिन्न है? (ख) फीचर लेखन और समाचार लेखन के अंतर को स्पष्ट कीजिए। (ग) स्तंभ लेखन से क्या तात्पर्य है? यह समाचार पत्र को कैसे उपयोगी बनाता है?	
प्रश्न-10	**निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** (क) चिड़िया बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे? (ख) 'उड़ने' और 'खिलने' का कविता से क्या संबंध बनता हैं? (ग) शारीरिक चुनौती का सामना कर रहे किसी मित्र का परिचय किस तरह कराना चाहिए?	3x2= 6
प्रश्न-11	**निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।** (क) कवि को संसार अधूरा-सा क्यों लगता है? (ख) भाषा को 'सहूलियत' से बरतने से क्या अभिप्राय हैं? (ग) कवि ने भोर के नभ को 'राख से लीपा हुआ चौका अभी गीला पड़ा है' क्यों कहा है?	2x2= 4
प्रश्न-12	**निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** (क) देहाती वृद्धा भक्तिन ने लेखिका के जीवन को किस तरह प्रभावित किया? (ख) बालकों की टोली को 'इंदर सेना' और 'मेढ़क मंडली' नाम देने के पीछे क्या रहस्य है? (ग) लुट्टन सिंह राज पहलवान कैसे बना? श्यामनगर मेले का उल्लेख करते हुए बताइए?	3x2= 6
प्रश्न-13	**निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।** (क) 'पर्चेजिंग पावर' का क्या अर्थ है और बाजार पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है? (ख) लुट्टन ने अपना गुरु किसे माना और क्यों? (ग) हाय! वह अवधूत आज कहाँ है? लेखक ने ऐसा क्यों कहा?	2x2= 4
प्रश्न-14	**निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** (क) **यशोधर बाबू किशनदा को अपना आदर्श क्यों मानते थे? 'सिल्वर वैडिंग' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।** (ख) **कविताएँ पढ़ते हुए लेखक को कितनी शक्तियाँ प्राप्त हुई? 'जूझ' पाठ के आधार पर उल्लेख कीजिए।**	4 x1 = 4

.....

द्वारा:
सन्तोष कुमार कुशवाहा, सह-प्रशिक्षक (हिन्दी)
शिक्षा एवं प्रशिक्षण का आंचलिक संस्थान, चंडीगढ़।

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com
schools.aglasem.com